मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 344, मुंबई, बुधवार, 2 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# बीड मस्जिद विस्फोट मामले में 2 गिरफ्तार

## गिरफ्तार दोनो आरोपी की पहचान विजय राम गव्हाणे (22) और श्रीराम अशोक सागडे (24) के रूप में हुई है

**हैरानी की बात यह है कि इन दोनों गिरफ्तार 'आतंकी' का नाम गोदी मीडिया लिखने से डर रही है**

*अगर नमाज के वक्त विस्फोट होता है काफी बड़ा हादसा हो जाता, सरकार इसस मामले को गंभीरता से जांच करे, इसमें कौन-कौन शामिल है...*

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले की मस्जिद में हुए ब्लास्ट की जांच महाराष्ट्र एटीएस करेगी। इस मामले में एटीएस की टीम बीड पुलिस से बातचीत कर जल्द तफ्तीश शुरू करेगी। चूंकि इस ब्लास्ट में जिलेटिन को छड़ें ब्रांड हुई हैं। ब्लास्ट में इसी का इस्तेमाल किया गया है। इस मामले में जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनके पास जिलेटिन इस्तेमाल करने के किसी भी प्रकार के कोई लाइसेंस नहीं हैं। ऐसे में जिलेटिन कहां से लाई गई और इसके पीछे कौन लोग हैं? **(शेष पृष्ठ 3 पर)**





गिरफ्तार विजय राम गव्हाणे और श्रीराम अशोक सागडे की तस्वीर

## धमाके से मस्जिद को पहुंचा काफी नुकसान

## सवाल है कि घटना में शामिल आरोपियों पर बीएनएस और आईईए की कमजोर धाराएं ही क्यों लगाई गई, UAPA क्यों नहीं?

## अबू आजमी बोले- रोज हो रही नफरत भरी बातों का नतीजा

बीड में मस्जिद में हुए धमाके से जुड़े सवाल पर सपा सांसद अबू आजमी ने कहा कि यह मुसलमानों के खिलाफ रोजाना नफरत भरी बातें करने का नतीजा है। देश में अघोषित आपातकाल है, अघोषित हिंदू राष्ट्र है। हम अपनी जमीन पर अपने पैसे से बनाए घर की छत पर नमाज नहीं पढ़ सकते, यह कैसा समय आ गया है।



*इस मामले में बुलडोजर की कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? क्या बुलडोजर पंचर हो गया है? क्या धर्म देखकर कार्रवाई की जाती है? इस घटना में जो भी दोषी है, उस पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सख्ती से जांच होनी चाहिए...*

# कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस ने जारी किया तीसरा समन



## 5 अप्रैल को पेश होने कहा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस ने तीसरा समन जारी किया है। उन्हें 5 अप्रैल को खार थाने में पेश होने का निर्देश दिया गया है। दो बार समन जारी होने के बाद पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कामरा को 5 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा गया है। पुलिस ने बताया कि 36 साल के कुणाल कामरा को उपनगरीय मुंबई के खार थाने में अधिकारियों के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है। पिछले महीने यहां उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हमारी बात

### भरोसा नहीं बचा है



**भारत अब उन देशों के बीच दूसरे नंबर पर आ गया है, जहां सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय स्कूल हैं। ये स्कूल वैसे नहीं हैं, जिन्होंने नाम की फ्रेंचाइजी ले रखी हो। बल्कि वे वैश्विक प्रतिष्ठा वाले शिक्षा बोर्डों से ही जुड़े हैं।**

भारत का साधन संपन्न वर्ग देश की शिक्षा व्यवस्था को अलविदा कह रहा है। उनमें एक नया ट्रेंड अपने बच्चों को भारत में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा दिलवाने का है। भारत अब उन देशों के बीच दूसरे नंबर पर आ गया है, जहां सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय स्कूल हैं। ये स्कूल वैसे नहीं हैं, जिन्होंने नाम की फ्रेंचाइजी ले रखी हो। बल्कि वे वैश्विक प्रतिष्ठा वाले शिक्षा बोर्डों से जुड़े हैं। उनकी ही वे डिग्रियां अपने छात्रों को दिलवाते हैं। पिछले पांच वर्षों में ऐसे स्कूलों की संख्या दस फीसदी बढ़ी, जबकि उनमें दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में 36 प्रतिशत इजाफा हुआ है। ये विडंबना ही है कि अपनी स्कूली शिक्षा व्यवस्था का ढोल पीटने वाले तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना उन पांच राज्यों में हैं, जहां सबसे ज्यादा ऐसे स्कूल खुले हैं। इस सूची में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश भी हैं। ऐसे कुछ स्कूल तो दूसरे दर्जे के शहरों तक पैठ बना चुके हैं। यह रुझान क्या बताता है? खुद इनके प्रबंधकों का कहना है कि लोग अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित कराना चाहते हैं। बात सही है। मगर देशी बोर्डों से जुड़ें स्कूलों में लोगों को ऐसा क्यों महसूस नहीं होता? कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक लेख में केंद्र के हाथों में शिक्षा संबंधी केंद्रीकरण, व्यापारीकरण और निजी क्षेत्र के हाथ में शिक्षा की आउटसोर्सिंग को भारतीय शिक्षा व्यवस्था की मुख्य बीमारी बताया है। उनका निदान काफी हद तक ठीक है। लेकिन समस्या है कि उन्होंने इसका सारा दोष वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार पर डाल दिया है। जबकि इन सबकी जड़ें उन नीतियों में हैं, जिन पर गांधी की पार्टी ने कभी कोई सवाल नहीं उठाया। यह निर्विवाद है कि मोदी सरकार ने उसमें कुछ नए आयाम भी जोड़े हैं। इन सबके मेलजोल से सामने आई परिघटना ने साधन सक्षम अभिभावकों को विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित किया है। सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ग्लोबल बोर्ड्स की डिग्री लेकर निकले छात्रों की निगाह अंतरराष्ट्रीय बाजार पर होगी। तो भारत का क्या होगा? इस सवाल से उन सबको चिंतित होना चाहिए, जिन्हें देश से तनिक भी लगाव है।

# सीपी अखिल की नेतृत्व कुशलता से कानपुर को फिर मिला शांतिपूर्ण ईद का उपहार : लाखों ने पढ़ी नमाज

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**कानपुर।** यहां तगड़ी तैयारियों के साथ कमिश्नरेट पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने बीते सभी त्योहारों की तरह चुनौतीपूर्ण ईद उल फितर के त्यौहार को भी सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने में सफलता प्राप्त कर ली है। इस मौके यहां लाखों लोगों की नमाज अदा करके मुल्क की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। शासन की नीति आदेश और निर्देशों का सम्मान करते हुए यह नमाज सड़क पर नहीं बल्कि ईद गाहों के अंदर ही पढ़ी गई। इसके साथ ही सेंट्रल जोन स्थित मरकजी ईदगाह पहुंचकर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार और डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों को स्नेहपूर्वक गोद में उठाकर ईद की मुबारकबाद दी तथा मुस्लिम पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नमाजियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कुल मिलाकर प्रदेश के इस अति संवेदन जिले में बीते हर त्यौहार की तरह इस ईद उल फितर के त्यौहार को भी शांति और सद्भाव पूर्ण तरीके से संपन्न कराने में मिली सफलता ने यहां की कमिश्नरेट पुलिस का



जोरदार स्वागत इसलिए किया ,क्योंकि इसके लिए यहां के बेहद जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आईपीएस एडीजी अखिल कुमार ने सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थीं। यहां ईद उल फितर के त्यौहार के पूर्ण शांति और सकुशल सम्पन्न होने के बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि चुनौतीपूर्ण ईद जैसे त्यौहार को दूरदर्शिता पूर्ण अपनी तगड़ी तैयारियों के फलस्वरूप शांति पूर्ण सकुशल संपन्न कराने में सफल रहे कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के तेजतर्रार ,व्यवहार कुशल वरिष्ठ आईपीएस एडीजी अखिल कुमार की गिनती देश प्रदेश के उन कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में की जाती है ,जो अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही और पीड़ितों की सहायता के मामले में सदैव अग्रणी रहते हैं।अपनी सफल सराहनीय सेवाओं और लोकहित वाली अपनी कार्यशैली तथा उपलब्धियों के फलस्वरूप कई मेडलों के भी यशस्वी धारक निर्दोष फंसे नहीं और दोषी बचे नहीं जैसी लोक हित की प्रबल विचारधारा वाले बेहद कर्मठ और ईमानदार यूपी सरकार की मंशा पर हर दृष्टिकोण से खरे कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार अपनी अबतक की जुझारू नौकरी के कार्यकाल में सभी त्योहारों, पर्वों और चुनावों आदि को भी बहुत शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के साथ ही सैकड़ों सफेदपोश माफिया अपराधियों को भी भरपूर सबक सिखा चुके हैं।

# गजानन भिकाजी गेडाम जिलास्तर फ्लोरेन्स नाइटिंगले पुरस्कार से सम्मानित

**गडचिरोली।** हर साल अंतराष्ट्रीय परिचर्या दिन के अवसर पर याने कि दुनिया कि सबसे पहली नर्स फ्लोरेन्स नाइटिंगले जी के जन्मदिन पर जिले के उत्कृष्ट कार्य करणे वाले नर्सेस को राष्ट्रीय आरोग्य अभियान, आरोग्य विभाग जिला परिषद गडचिरोली द्वारा सम्मानित किया जाता है। इन्ही दौरान सन २०२२-२३, २०२३-२४ का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जिला परिषद गडचिरोली के वीर बाबुराव शेडमाके सभागृह मे आयोजित कीया गया था जिसमे जिल्हा अस्पताल के स्टाफ नर्स पद पर कार्यरत श्री गजानन गेडाम को उनके २०२२-२३ मे आरोग्य तथा परिचर्या सेवा मे किये किये गये उत्कृष्ट कार्य के



लिये जिला स्तर द्वितीय फ्लोरेन्स नायटिंगेल पुरस्कार प्रदान किया गया. इस सुनहरे कार्यक्रम मे मंच पर अध्यक्ष के तौर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुहास गाडे थे, तो प्रमुख अतिथी के रूप मे जिल्हा आरोग्य अधिकारी डॉ प्रताप शिंदे, अतिरिक्त जिल्हा आरोग्य अधिकारी डॉ अमित साळवे, जिल्हा क्षयरोग अधिकारी डॉ सचिन हेमके, जिल्हा हिवताप अधिकारी डॉ पंकज हेमके, महिला व बाल रुग्णालय गडचिरोली के वैद्यकीय अधीक्षक डॉ पेंदाम, जिल्हा माता व बाल संगोपन अधिकारी डॉ हुलके, सहाय्यक अधिसेविका आशा बावणे आदी उपस्थित थे। २०१३ से आरोग्य तथा परिचर्या सेवा मे उत्कृष्ट कार्य कर रहे अधिपरिचारिका पुरुष गजानन गेडाम ये दिल से समाज सेवा भी करते है।

# ईद की खुशी से कोई ना रहे महरूम यही है इस्लाम का पैगाम : साजिद खान

**धनपुरी।** हज्जन जुबेदा बी मीडिया ग्रुप के डायरेक्टर एवं वीकली न्यूजपेपर रॉयल राइड के एडिटर साजिद खान ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा है कि जहन्नम से आजादी जन्नत में दाखिला अपने रब का दीदार और उसकी खुशी की प्राप्ति ही आखिरी खुशी और यह सबसे महत्वपूर्ण है। ईद उल फितर में रोजेदार बंदों को रोजे के बदले में अल्लाह से यही कुछ मिलता है इसलिए इस पाकीजा खुशी में ना नाच गाना है ना बेहयाई न फिजुल खर्ची ना किसी के लिए मैहरूमी इसके विपरीत हमारी ईद नफासत पाकीजगी संजीदगी और आपसी सहयोग का उच्च प्रदर्शन है यही ईद कि सच्ची खुशी है। अल्लाह की नजर में वह खुशी ज्यादा पसंदीदा है जो दूसरों के लिए भी खुशी का जरिया हो अल्लाह को वह खुशी हरगिज पसंद नहीं जो किसी एक शख्स एक गिरोह या चंद लोगों के आंगन में खुशी के फूल खिलाऐ खुशियां महकाए लेकिन दूसरे के दिलों में दुख दर्द और रंजो गम के चिंगारियां भड़काए। ईद भी हमारी खुशी का ऐसा ही एक अवसर है इसमें अमीर गरीब छोटा बड़ा सब की शिरकत बराबर से होनी चाहिए ध्यान रखिए कहीं ऐसा ना हो कि कुछ लोग तो पेट भरे नए कपड़े पहने खुशबू महकते हुए ईदगाह तरफ निकाले और उनके पड़ोसी रिश्तेदार दोस्त यार खाली पेट और फटेहाल रह जाए और आपके साथ उनकी हसरतें और तमन्नाए घुट कर रह जाए तो आप अल्लाह की हम मुजरिम ठहराए जाएंगे क्योंकि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जो लोगों पर रहम नहीं करता अल्लाह उस पर रहम नहीं करता इसलिए इस्लाम में जकात की, सदकए फित्र की, खैरात की व्यवस्था की गई है सदकए फित्र ईद की नमाज से पहले जरूर अदा कर दें ताकि कोई भी ईद कि खुशियों से महरूम ना रहे तभी हमारी ईद हकीकत में ईद कहलाएगी सभी देशवासियों को मेरी तरफ से ईद की बहुत-बहुत मुबारकबाद और शुभकामनाएं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# जोगेश्वरी वेस्ट वैशाली नगर की तैबा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज की गई अदा

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** देश भर के साथ साथ मुंबई के जोगेश्वरी वेस्ट वैशाली नगर की सुन्नी तैबा मस्जिद में भी ईद उल फितर की नमाज अदा की गई यहां तैबा मस्जिद में ईद उल फितर की 2 नमाजे अदा की गई पहली जमात सुबह 7 बजे और दुसरी जमात 8.30 को अदा की गई। अल्लाह के दर पे ना कोई छोटा ना कोई बड़ा है। यहां हर बसर



एक सब में खड़ा है। हजारों लोग उंच निच अमीर गरीब का भेदभाव किये बिना कांढे से कांढा मिलाकर नमाजे ईद उल फितर अदा करते हुए नजर आए। ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर एक दूसरे को ईद की मुबारक बादी दी। वहीं तैबा मस्जिद की जानिब से भी अवाम को ईद की मुबारक बादी दी गई और इस तरह ईद उल फितर की नमाज अदा की गई।

## हकीम खुर्शीद के घर पहुँचे ईद की बधाई देने मेयर उमेश गौतम, वेदान ग्रुप की चेयरमैन और डॉ अमीद मुराद ने मेयर का इस्तकबाल

**बरेली।** ईद उल फित्र के मौके पर बरेली के मेयर उमेश गौतम ने हकीम खुर्शीद के घर जाकर उन्हें और उनके परिवार को ईद की बधाई दी। इस मौके पर वेदान ग्रुप की चेयरमैन डॉ सबीन अहसान और हकीम खुर्शीद के पुत्र डॉ अमीद मुराद ने मेयर का इस्तकबाल किया। हकीम खुर्शीद की पुत्र वधु डॉ सबीन अहसान एक सामाजिक संस्था बेइंग अलाइव का संचालन करती हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मेयर उमेश गौतम



ने डॉ अमीद मुराद और संस्था की चेयरमैन डॉ सबीन की कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि बेइंग अलाइव सामाजिक संस्था का कार्य प्रशंसनीय है और यह संस्था समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस मौके पर हकीम खुर्शीद ने मेयर का आभार व्यक्त किया और ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बरेली में हिन्दू-मुस्लिम एकता और सौहार्द का एक उदाहरण है। इस तरह से एक दुसरे की खुशियों में शामिल होने से हमारे शहर में सभी धर्मों के लोगो में एकता और सौहार्द की मिसाल मिलती है।

## मधुबनी शहर और गांव कि ईदगाहों और मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा और देश में अमन भाई चारा और शांति की दुआं की गई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** मधुबनी शहर और गांव में ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है मधुबनी शहर और गांव में भौआड़ा सहित अन्य ईदगाह और मस्जिदों में सोमवार सुबह से ही नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हु ए जैसे ही ईद की विशेष नमाज संपन्न हुई लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी नमाज अदा कर लोगों ने देश में अमन भाई चारा और शांति के लिए दुआ मांगी वहीं दूसरी ओर ईद को लेकर मधुबनी शहर और गांव में सुरक्षा के पुख्ता और करें इंतजाम किए गए हैं सभी



धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल्कि तैनाती की गई है लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर लच्छेदार सवैया और एक से बढ़कर एक लजीज पकवान का आनंद उठाया कहा गया कि ईद आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है ईद को लेकर बच्चों में खास अवस्था में हमारे यहां खुशी देखने को मिला लेकिन नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी एक दूसरेके को गले मिलकर ईद उल फितर की बधाई दी और मधुबनी शहर और गांव के ईदगाहों और मस्जिदों में बिस्फी, बेनीपट्टी, रहिका, जयनगर, राजनगर, झंझारपुर, सकरी, पंडौल, क्षेत्र के ईदगाहों और मस्जिदों सहित अन्य जगहों के ईदगाहों और मस्जिदों में मौलाना हाफिज मोहम्मद जियाउर्रहमान इस्लामी, मुफ्ती रुहुल्लाह कासमी, मौलाना अजिजुररहमान इस्लामी द्वारा नमाज अदा की गई।

# धुमधाम से मनाया जा रहा है गणगौर पर्व : सुनाई दे रही हैं झालरिये की गूंज



**बाकानेर धार।** निमाड़ का प्रसिद्ध गणगौर पर्व यहां धूमधाम से मनाया जा रहा है।यहाँ के हर गली मोहल्लों में झालरिये की गूंज सुनाई से रही है नवरात्रि की तृतीया तिथि के अवसर पर आज मंगलवार बाकानेर के ब्राह्मण मोहल्ला मे बाड़ी पूजन के लिए सुबह से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई। श्रद्धालु विशेष कर महिलाएं सज धज कर आरती की थाल सजाकर माता जी के पूजन के लिए अलसुबह ही घरों से निकल पड़ी। बड़ी संख्या मे रथों का भव्य चल समारोह निकाला गया। उल्लेखनीय है कि गणगौर राजस्थान और मालवा निमाड़ का खास उत्सव है। जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि से प्रारंभ होकर चतुर्थी तक मनाया जाता है। यह त्यौहार भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूप गणगौर माता और शिव की पूजा अर्चना की जाती है। विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के साथ इस व्रत को रखती है वहीं कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस पर्व में शामिल होती है गणगौर पर्व पर सुबह से बाड़ी पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां पर गेहूं के ज्वारे का पूजन किया जाता है। यहां सुबह से लंबी कतारे लगी रहती है। आसपास क्षेत्र से गणगौर माता के रथ को भक्तगण माथे पर रखकर नृत्य करते है। जिसके आगे आगे महिला और पुरुष उनके सर पर कलश लेकर चलती है। रथों के आगे माताजी के स्वरूप में झाड़ घूमते नाचते खेलते हुए बड़ी संख्या में चलते हैं। लोग उनका पुजन कर आशीर्वाद लेते हैं। इस वर्ष बाकानेर मे माताजी की सेवा का सौभाग्य ब्राह्मण मोहल्ला निवासी सुभाष जी पंडित को प्राप्त हुआ कमलेश जी पंडित और सुनील जी शर्मा श्रद्धापूर्वक माताजी की सेवा कर रहे हैं।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## बीड मस्जिद विस्फोट मामले में विजय राम गव्हाणे और श्रीराम अशोक सागडे गिरफ्तार

इस बारे ने एटीएस तफ्तीश कर रही है। हालांकि, वारदाता के बाद से ही एटीएस के कुछ अफसरान इस जगह पहुंचे थे जहां यह ब्लास्ट हुआ था। स्थानीय अपराध शाखा आरोपियों की पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर नजर रख रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उनका और क्या मकसद था। ईद से पहले शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को बीड की मस्जिद में हुए इस धमाके से हड़कंप मच गया। मस्जिद के भीतर छुपाकर रखी गई जिलेटिन की छड़ों में ब्लास्ट हुआ। इससे मस्जिद का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। जिन दो आरोपियों को पकड़ा गया है, उसकी पहचान विजय राम गव्हाणे (22) और श्रीराम अशोक सागडे (24) के रूप में हुई है। दोनों बीड जिले के गेवराई के रहने वाले हैं। पुलिस ने मात्र तीन घंटे में आरोपियों को पकड़ लिया। बाकियों की तलाश जारी है, जो इसमें शामिल थे। जांच के मुताबिक आरोपियों में से एक ने पीछे के रास्ते से मस्जिद में प्रवेश किया और जिलेटिन की छड़ें रखीं, जिसके बाद विस्फोट हुआ। ग्राम प्रधान ने रविवार तड़के करीब चार बजे तलवाड़ा पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद बीड के पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद बम निरोधक दस्ते के साथ फॉरेंसिक वैज्ञानिकों का दल भी मौके पर पहुंचा। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखा।

## कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस ने जारी किया तीसरा समन

इससे पहले पुलिस ने उन्हें दो बार तलब किया था। लेकिन वे दोनों बार पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। बता दें कि 2022 में एकनाथ शिंदे ने शिवसेना से बगावत कर पार्टी दो फाड़ करने में अहम भूमिका निभाई थी। इस घटना पर कॉमेडियन कामरा ने पैरोडी गीत बनाया, जिसमें नाम लिए बिना शिंदे को गद्दार बताया। उनकी इस टिप्पणी से बौखलाए शिवसेना कार्यकताओं ने जिस स्टूडियो में यह शो शूट किया था उसमें तोड़फोड़ की थी। कामरा के खिलाफ मुंबई और डिप्टी सीएम शिंदे के राजनीतिक गढ़ ठाणे के अन्य पुलिस थानों में भी अलग-अलग एफआईआर दर्ज हैं। मुंबई के हैबिटेट सेंटर में उनके विवादास्पद चुटकुलों के मामले में कुणाल कामरा को खार पुलिस स्टेशन ने इससे पहले दो समन जारी किए थे लेकिन वे नहीं पहुंचे। जिसके बाद 31 मार्च को मुंबई पुलिस की एक टीम दादर स्थित कॉमेडियन कुणाल कामरा के घर पर पहुंची थी। मुंबई के घर पर पुलिस के पहुंचने पर कुणाल कामरा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए तंज कसा था। उन्होंने लिखा कि ऐसे पते पर जाना, जहां मैं पिछले 10 वर्षों से नहीं रहा हूं, आपके समय और सार्वजनिक संसाधनों की बबार्दी है।

## 'मराठी गया तेल लगाने...', सिक्योरिटी गार्ड ने बोलने से किया मना, एमएनएस कार्यकार्ताओं ने कर दी पिटाई

**मुंबई।** देश में भाषा विवाद को लेकर मामले अब बढ़ते जा रहे हैं, पहले दक्षिण राज्यों से खबर आती रहती थीं कि लोगों ने कन्नड़, तमिल आदि नहीं आने पर हंगामा किया। अब पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र से भी ऐसी ही खबरें आ रही है। पिछले दिनों मुंबई के वसोर्वा में डी-मार्ट स्टोर के कर्मचारी के साथ मराठी नहीं आने पर मनसे कार्यकार्ताओं द्वारा मारपीट का मामला सामने आया था। फिर एक बार मनसे कार्यकार्ताओं पर सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कुछ कार्यकार्ताओं ने एक सिक्योरिटी गार्ड को बुरी तरह पीट दिया। कारण बस इतना था कि उसे मराठी भाषा नहीं आती थी तो उसने बोलने से मना कर दिया था। मामला मुंबई के पवई की एक सोसाइटी का बताया जा रहा है, जहां एल&टी बिल्डिंग के एक



सिक्योरिटी गार्ड का किसी कारणवश एक मराठी व्यक्ति से विवाद हो गया, इसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। चूंकि, यह सिक्योरिटी गार्ड उत्तर भारत से था, इसलिए उसे मराठी नहीं आती थी। बस फिर क्या था मनसे कार्यकार्ताओं ने इस सिक्योरिटी गार्ड की पिटाई शुरू दी, जबकि वॉचमैन बोलता रहा कि उसे मराठी नहीं आता तो कैसे बोलेगा।

## खबर संक्षेप

### पिता की जन्मभूमि पर जरूर जाऊंगी: सुनीता

**न्यूयॉर्क।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने



कहा भारत अंतरिक्ष से अद्भुत दिखता है। सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सुनीता ने कहा कि मैं आपको बताना चाहूंगी कि हम जब भी हिमालय के ऊपर से गुजरे तो बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं। बेहद अद्भुत है। मुझे आशा और यकीन है कि मैं अपने पिता के देश (भारत) जाऊंगी और लोगों से मिलूंगी।

### चीन और हांगकांग के 6 अधिकारी प्रतिबंधित

**हांगकांग।** अमेरिका ने चीन और हांगकांग के उन छह अधिकारियों



पर प्रतिबंध लगा दिया है जिन पर आरोप है कि वे 'अंतरराष्ट्रीय दमन' समेत ऐसे अन्य कृत्यों में शामिल थे जिससे हांगकांग की स्वायत्तता को और नुकसान पहुंचने का खतरा था। इस पर पलटवार करते हुए हांगकांग की सरकार ने मंगलवार को प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की आलोचना की। इस प्रतिबंध से अमेरिका और चीन में तनाव बढ़ेगा।


### पिछले साल 2023-24 की तुलना में हुई 12.4 फीसदी की बढ़ोतरी

रक्षा निर्यात वर्ष 2023-24 में 21 हजार 83 करोड़ था

# वर्ष 2024-25 में 23 हजार 622 करोड़ पर जा पहुंचा रक्षा निर्यात

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 23 हजार 622 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंचा है। इसमें पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 21 हजार 83 करोड़ रुपए की तुलना में 12.4 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों को एक्स पोस्ट के जरिए बधाई दी है। उन्होंने लिखा, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 23 हजार 622 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। जो कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 21 हजार 83 करोड़ रुपए पर था। उन्होंने दोनों वर्षों के दौरान हुई वृद्धि को प्रभावशाली वृद्धि बताया है। साथ ही सभी हितधारकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात को 50 हजार करोड़ रुपए तक बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



■ 50 हजार करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य

> भारत बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर सैन्य बल से विकसित होकर आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने वाला देश बन गया है। बढ़ोतरी में डीपीएसयू ने 8 हजार 389 करोड़ का योगदान दिया है

#### आयात पर कम हुई निर्भरता

रक्षा मंत्रालय ने मामले पर एक बयान जारी कर बताया कि रक्षा निर्यात के आंकड़ों में हुई बढ़ोतरी साफ तौर पर दर्शाती है कि भारत बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर सैन्य बल से विकसित होकर आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने वाला देश बन गया है। रक्षा निर्यात के आंकड़े में हुई बढ़ोतरी में डीपीएसयू ने 8 हजार 389 करोड़ (24.85 फीसदी की वृद्धि) का योगदान दिया है। बीते वित्त वर्ष में गोला बारूद, हथियार, उप प्रणालियां, प्रणालियां, कलपुर्जे जैसी वस्तुओं की व्यापक रेंज करीब 80 देशों को निर्यात की गई हैं। रक्षा उत्पादन विभाग को 1 हजार 762 रक्षा निर्यात प्राधिकरण जारी किए गए। जो पिछले साल की तुलना में 16.92 फीसदी अधिक हैं। सरकार ने रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं। निर्यात की अनुमति से जुड़ी एसओपी को सरल बनाया गया है। साथ ही निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई और प्रावधान जोड़े गए हैं।

#### सेना कमांडरों को आज संबोधित करेंगे राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सेना कमांडरों का सम्मेलन नई दिल्ली में 1 अप्रैल से शुरू हो गया है जो 4 अप्रैल तक चलेगा। सम्मेलन में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा और आकलन करने तथा उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सत्र की अध्यक्षता करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। सत्र में भारतीय सेना में 'सुधारों के वर्ष' पर एक प्रस्तुति भी शामिल होगी।



#### तारिणी पहुंची केप टाउन

आईएनएसवी तारिणी ने नाविका सागर परिक्रमा दो अभियान के चौथे चरण को पूरा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में प्रवेश कर लिया है। यहां इसका स्वागत भारत की महावाणिज्य दूत सुश्री रूबी जसप्रीत, दक्षिण अफ्रीकी नौसेना बेड़े की चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल (जेजी) लिसा हेंड्रिक्स और प्रिटोरिया में भारत के रक्षा सलाहकार कैप्टन अतुल सपहिया ने किया।

#### 32 दिनों के रिकॉर्ड समय में जोजिला दर्रा खोला

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने 32 दिनों तक बंद रहने के बाद रिकॉर्ड समय में जोजिला दर्रे को खोल दिया है। 1 अप्रैल, 2025 को बीआरओ के महानिदेशक



लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने लद्दाख की ओर पहले काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जोजिला दर्रा कश्मीर घाटी को लद्दाख से जोड़ने वाले विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण ऊंचाई वाले दर्रों में से एक है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने की सराहना**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर भारत की यात्रा की सराहना की। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा एक्स पर किए गए पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह वास्तव में रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर हमारी यात्रा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है!*

### छत्तीसगढ़ का महादेव सट्टा एप मामला

# अब सीबीआई ने दर्ज किया केस 18 आरोपियों में पूर्व सीएम भी

मुंबई हलचल / रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी एफआईआर दर्ज की है। इस एफआईआर में पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 18 आरोपी बनाए गए हैं।

खास बात ये है कि हाल ही में सीबीआई ने इस मामले के संबंध में छापेमारी की थी। जिन लोगों के ठिकानों पर ये छापे पड़े थे उनमें कुछ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं, लेकिन उनके नाम एफआईआर में शामिल नहीं हैं। केवल दो पुलिस कर्मियों के नाम एफआईआर में शामिल हैं जो लोग पूर्व में ही पकड़े जा चुके हैं।

#### सौरभ और उप्पल भी

महादेव सट्टा एप जब से चर्चा और जांच एजेंसियों के निशाने पर आया है तब से इस मामले में मुख्य सूत्रधार के रूप में सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के नाम सामने आए हैं। ये दोनों आरोपी अब तक किसी भी जांच एजेंसी के शिकंजे में नहीं आए। चर्चा ये है कि ये दोनों दुबई में कहीं छिपे हैं। ये दोनों भिलाई-दुर्ग के हैं। इनके बारे में कहा जाता है कि इन्होंने महादेव एप बनाकर अरबों रुपए कमाए हैं। आरोप है कि इन लोगों ने सत्ता और पुलिस का संरक्षण हासिल करने के बड़ी मात्रा में धन बांटा है। धन पाने वालों में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से जुड़े लोग और इस सरकार के कार्यकाल में प्रभावशाली रहे कुछ अधिकारी और पुलिस कर्मियों के नाम जांच के दायरे में हैं। हाल ही में सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, समेत छत्तीसढ़ के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के घर छापे मारे थे। सीबीआई ने ये दावा किया है कि सट्टा एप पर देश भर में 60 स्थानों पर छापे मारे गए थे। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने एजेंसियों की इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार दिया था।

#### ये है आरोपियों की सूची

सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में शामिल आरोपियों में क्रमानुसार नाम रवि उप्पल,शुभम सोनी, चंद्रभूषण वर्मा, असीम दास, सतीश चंद्राकर, भूपेश बघेल, नितीश दीवान, सौरभ चंद्राकर, अनिल अग्रवाल, विकास छापरिया, रोहित गुलाटी, विशाल आहूजा,धीरज आहूजा, अनिल कुमार धम्मानी, सुशील कुमार धम्मानी, भीम सिंह यादव, हरिशंकर टिबरवाल, सुरेंद्र बागड़ी। इस सूची में पुलिस कर्मी भीम सिंह यादव और चंद्रभूषण वर्मा के नाम है।

### कांग्रेस स्थगन प्रस्तावों को खारिज करने से नाराज, टीएमसी-सपा भी रहीं साथ

# लोकसभा में हंगामे के बीच बिरला की 3 चेतावनियों संग स्थगित हुई कार्रवाई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

संसद में अक्सर सरकार पर अपनी बात न रखने देने का आरोप लगाने वाले विपक्ष को मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में हंगामा रोककर कार्रवाई चलाने के लिए तीन बार चेतावनी दी। लेकिन सभी बेअसर रहीं और अंत में लोकसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई को दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। दरअसल यह पूरा मामला प्रश्नकाल की समाप्ति के बाद 12 बजे लोकसभा में उस वक्त घटा। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शून्यकाल की शुरुआत से ठीक पहले जरूरी सरकारी कागजात लोकसभा के पटल पर रखवाने की प्रक्रिया शुरू की। तभी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (एसपी) के सांसदों ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर अपनी-अपनी सीट पर खड़े होकर नारेबाजी के साथ हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान सपा सांसद अपने हाथ में 'सुमन की बात' लिखी हुई तख्ती लिए हुए थे। विपक्षी दलों द्वारा सदन में लगाए जा रहे नारों में झोलझाल नहीं चलेगा, नहीं चलेगा, नरेंद्र मोदी की तानाशाही नहीं चलेगी-नहीं चलेगी मुख्य थे।

#### बिरला ने की सदन चलाने की अपील



हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों से अपील की कि शून्यकाल एक महत्वपूर्ण समय होता है। कई जनप्रतिनिधि इसमें अपने क्षेत्र से जुड़े हुए मुद्दों को उठाना चाहते हैं। ऐसे में हंगामा करना ठीक नहीं है। विपक्षी सांसद अपनी-अपनी सीटों पर बैठ जाएं जिससे कार्रवाई चलाई जा सके। लेकिन बिरला की अपील का विपक्ष पर कोई असर नहीं हुआ और वह लगातार हंगामा करते रहे। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ने तीन बार कार्रवाई स्थगित करने से पहले चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि सदन में तख्ती लेकर नारेबाजी और हंगामा करने की अनुमति नहीं है। यह सदन नियम-प्रक्रियाओं और मर्यादा से चलेगा। बिरला ने विपक्ष से सवाल किया कि क्या वह लोकसभा की कार्रवाई नहीं चलाना चाहते हैं? विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष की अपील और तमाम चेतावनियों को अनसुना कर हंगामा जारी रखा। जिसके बाद अंत में कार्रवाई स्थगित कर दी गई।

#### इन मुद्दों पर आक्रोशित थे तीनों दल

कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अलग-अलग मामलों पर लगातार दिए जा रहे स्थगन प्रस्तावों को खारिज किए जाने का विरोध कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस सरकार के दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा का स्थानांतरण कोलकाता उच्च न्यायालय में करने के फैसले के खिलाफ आग बबूला थी। जबकि समाजवादी पार्टी अपने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर की गई तोड़फोड़ को लेकर सदन में सरकार के खिलाफ नाराजगी के साथ अपना विरोध जता रही थी। सुमन सपा के वही सांसद हैं, जिनकी बीते दिनों संसद के उच्च सदन में भारत के महान योद्धा राणा सांगा को गद्दार बताने वाली टिप्पणी पर बवाल हो गया था। भाजपा ने इसका खुलकर विरोध करते हुए कहा था कि राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदूस्तान। लोकसभा की कार्रवाई स्थगित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र ने कोलकाता उच्च न्यायालय को कूड़ाघर बना दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश शर्मा संदिग्ध छवि वाले हैं और उनका कार्यकाल भी मात्र दो वर्ष का है। जिसके बाद वह सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इन कारणों की वजह से हम उनकी नियुक्ति का विरोध कर रहे हैं और यह सिलसिला जारी रहेगा।

सांगा विवाद के बीच बोले धनखड़

### सभी सांसदों की सुरक्षा अहम सुमन की सुरक्षा पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी मामले में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां उनकी टिप्पणी के चलते उन्हें कई तरह की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद राम गोपाल यादव से अपील की कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपने साथी सांसद रामजी लाल सुमन पर की गई धमकियों के मामले को शांत कराएं। सपा सांसद सुमन ने सदन में राणा सांगा को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिन पर भाजपा और एनडीए के सदस्य नाराज हो गए थे। सभापति ने टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया था। इन टिप्पणियों को लेकर सुमन को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

# गडचिरोली मेंह्य गोष्ट सुरू होतेह्य के रूप मेस्वर्णिम सूर्योदय: मराठी फिल्म का भव्य पोस्टर लांच

**अपनेहरे-भरेजंगलों,** शुद्ध हवा और समृद्ध आदिवासी संस्कृति के लिये जाने, जानेवाले गडचिरोली जिल्हेमे अब मराठी सिनेमा के लिये नई पहचान बननेकी ओर अग्रसर है। अस्तित्व स्टुडिओ के रुप में यह पहल एक नई रोशनी की तरह उभर रही है, जो गडचिरोली की अनकही कहानियों को दुनिया के सामने लाने का माध्यम बनेगी। इसी कड़ी में मराठी फिल्म 'गोष्ट सुरू होते' का पोस्टर हाल ही में भव्य समारोह और आतिशबाजी के साथ लॉन्च किया गया। यह फिल्म न केवल मनोरंजन का साधन होगी, बल्कि गडचिरोली की मिट्टी की महक, लोकसंस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और मानव-जीवन के गहरे भावों को सजीव रूप में पडदे पर प्रस्तुत करेगी। यह गडचिरोली में फिल्म निर्माण का ऐतिहासिक क्षण ही माना जाएगा। इस अनोखी पहल का साक्षी बना गडचिरोली का भव्य मंच, जहां फिल्म 'गोष्ट सुरू होते' का पोस्टर सार्वजनिक किया गया। फिल्म के निर्माण के हेतू मुंबई सेआयी टीम ने इसे गौरांवीत पल माना। इस अनोखे कार्यक्रम का उद्घाटन का सौभाग्य मिला गडचिरोली के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण मडावी को, जिन्होंने अपने कर-कमलों से इस नए सपने को साकार करने की पहली नींव रखी। इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने कई प्रतिष्ठित अतिथि जिनमें,



गडचिरोली की सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण योगदान देनेवाली पूर्व नगराध्यक्षा श्रीमती योगिताजी पीपरे, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित नर्स शालिनी कुमरे, जो सेवा और समर्पण का प्रतीक के लिए जानी जाती है, गडचिरोली जिला परिषद के सहायक प्रशासन अधिकारी श्री धनंजय दुमपेट्टीवार, जिन्होंने सरकारी तंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. मनीष मेश्राम, गडचिरोली जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, जिन्होंने समाज के स्वास्थ्य सुधार में योगदान दिया है। राकेश चांदेकर, अध्यक्ष, गडचिरोली जिला अस्पताल कर्मचारी सहकारी संस्था, जिन्होंनेस्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। इन मान्यवरो के समक्ष संपन्न हुआ। गडचिरोली की मिट्टी से उगनेवाली सिनेमा की नई कोंपल। फिल्म 'गोष्ट सुरू होते' पूरी तरह से गडचिरोली की धरती पर फिल्माई जाएगी। जिसका निर्माण कार्य पिछले तीन महिने से जिल्हे मे चल रहा है। यह फिल्म आदिवासी संस्कृति, पर्यावरण के प्रति प्रेम, पशुओं की संवेदना और स्थानीय जीवन के संघर्षों को पर्देपर जीवंत करने का कार्य करेगी। जो भारत और पुरी विदेश में ७० फिल्म महोत्सव मे देखाई देगी। इस फिल्म का निर्देशन इंटरनेशनल और नेशनल अवार्ड जितनेवाले निर्देशक और लेखन राजेश ढवळे, मुंबई यह करने वाले है। फिल्म निर्मिती का जिम्मा ईसी जिल्हे के निमार्ता गजानन गेडाम और चिरंजीव गड्डमवार उठाने वाले है। गडचिरोली के इस होनहार युवा ने अपनी जन्मभूमि की कहानियों को दुनिया तक पहुंचानेका सपना संजोया है। 2026 में यह फिल्म बड़े पर्देपर दस्तक देगी, और दर्शकों को भावनाओं, संस्कृति और संदेश से भरपूर एक नई दुनिया में ले जाएगी। जिनमे कही फिल्म इंडस्ट्री के जानेमाने सितारे कलाकार के रूप में काम करेंगे और स्थानिक कलाकारो भी अपना अभिनय करानेका सुनेरा मौका मिलेगा। इस भव्य आयोजन में फिल्म की संपूर्ण टीम उपस्थित थी जहा फिल्म के निर्माता प्रियतमा गेडाम, भिकाजी गेडाम, चिरंजीव गड्डमवार, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को साकार करने में अपनी ऊर्जा लगाई।

यूनुस के बयान पर पर भड़के असम के सीएम हिमंत

# 'चिकन नेक' गलियारे को और अधिक मजबूत करना जरूरी

मुंबई हलचल / गुवाहटी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अंतरिम बांग्लादेश सरकार के बेतुके बयान पर मंगलवार को जमकर पलटवार किया। मोहम्मद यूनुस ने ढाका को क्षेत्र में समुद्र का एकमात्र संरक्षक कहा था। इस बयान को सीएम सरमा ने अपमानजनक और कड़ी निंदा योग्य बताया। सीएम सरमा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस का बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद यूनुस के ऐसे भड़काऊ बयानों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। वे गहन रणनीतिक विचारों और दीर्घकालिक एजेंडे को लेकर चलने वाले हैं।

#### पूर्वोत्तर में रेलवे और सड़क नेटवर्क के नए मार्ग तलाशें



सरमा ने कहा कि चिकन नेक गलियारे के नीचे और उसके आसपास और अधिक मजबूत रेलवे और सड़क नेटवर्क विकसित करना जरूरी है। उन्होंने पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ने वाले वैकल्पिक सड़क मार्गों की तलाश और विकास को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया।

#### बांग्लादेश बोला- हम समुद्र के एकमात्र संरक्षक

फेसबुक वीडियो में बांग्लादेश की अंतरिक सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने कहा कि भारत के सात राज्य, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, भूमि से घिरे हुए हैं। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। हम इस क्षेत्र में समुद्र के एकमात्र संरक्षक हैं।

### ओडिशा में मिला सोने का बड़ा भंडार

# पहली बार होगी नीलामी, मजबूत होगी अर्थव्यवस्था, नौकरी मिलेगी



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

ओडिशा जल्द ही भारत के सोने के खनन उद्योग में एक बड़ा नाम बन सकता है। राज्य के कई जिलों में सोने के भंडार पाए गए हैं, जिससे यह क्षेत्र तेजी से खनन के लिए तैयार हो रहा है। ओडिशा के खनन मंत्री विभूति भूषण जेना ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सोने की खोज से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मंत्री जेना ने बताया कि देवगड़, क्योंझर, मयूरभंज सुंदरगढ़, नबरंगपुर, अंगुल और कोरापुट जिलों में सोने के बड़े भंडार पाए गए हैं। इसके अलावा, मलकानगिरी, संबलपुर और बौध जिलों में भी सोने की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। इन खोजों से ओडिशा को भारत के सबसे समृद्ध खनिज क्षेत्रों में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। ओडिशा सरकार ने देवगढ़ जिले में अपने पहले सोने के खनन ब्लॉक की नीलामी की योजना बनाई है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

### ट्रंप की धमकियों के बीच सरकार ने किया टैरिफ का बचाव

# मंत्री बोले- हम घरेलू उद्योगों की रक्षा चाहते, अपना रहे संतुलित दृष्टिकोण

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत की टैरिफ नीति का मकसद व्यापार को विनियमित करना, घरेलू उद्योगों की रक्षा करना और आयातित व



निर्यातित वस्तुओं पर कर लगाकर राजस्व पैदा करना है। केंद्रीय केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि विनिर्माताओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए, घरेलू उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन स्थापित करते हुए टैरिफ उपायों पर निर्णय लेते समय एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाता है। सरकार ने शुल्क ढांचे को सुधारने के लिए व्यापक टैरिफ सुधार शुरू किए हैं।

#### कई एफटीए समझौतों की ओर बढ़ रहे

*मंत्री प्रसाद ने कहा कि हालिया सुधारों में टैरिफ संरचना को सुव्यवस्थित करने और व्यापार को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत विश्व व्यापार संगठन का सदस्य है और किसी भी वस्तु लाइन पर लागू किए जा सकने वाले उसके अधिकतम टैरिफ से बंधा हुआ है।*

#### कई देशों के साथ व्यापार वार्ता चल रही

*वर्तमान में भारत 13 एफटीए और 9 पीटीए का सदस्य है, इसके अलावा यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ओमान, न्यूजीलैंड और पेरू के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। टैरिफ कम करने से, विशेष रूप से इनपुट और मध्यम मूल्य वर्ग के वस्तुओं पर मदद मिलती है।*

### आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ समापन समारोह में बोले गवर्नर

# आरबीआई वित्तीय स्थिरता बनाकर विनियामक ढांचे को लचीला बनाएगा

मुंबई हलचल / मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम करने के लिए विनियामक ढांचे को लचीला बनाने के साथ-साथ उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता का मंगलवार को उल्लेख किया।

- वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम किया जाएगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में उन्होंने कहा, ''इसे एक उपलब्धि समझते हुए हम मानते हैं कि आरबीआई की भूमिका प्रारंभिक लक्ष्यों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित हुई है।''

## चुनौतियां तेजी से बढ़ रही

गवर्नर ने कहा, ''आज हम परंपरा व परिवर्तन के संगम पर खड़े हैं...जहां मूल्य स्थिरता, वित्तीय स्थिरता तथा आर्थिक वृद्धि की अनिवार्यताएं तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी, वैश्विक अनिश्चितताओं, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और बढ़ती सार्वजनिक अपेक्षाओं के साथ जुड़ती हैं।''

**खास बातें**

- उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने केंद्रीय बैंक प्रतिबद्ध
- आज हम परंपरा व परिवर्तन के संगम पर खड़े हैं



## अगला दशक वित्तीय ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण

*गवर्नर ने कहा कि अगला दशक भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। आरबीआई वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम ग्राहक सेवाओं में निरंतर सुधार तथा उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे।*

## स्थिरता व दक्षता के बीच संतुलन जरूरी

*हमारा प्रयास वित्तीय स्थिरता व दक्षता के हितों को संतुलित कर हमारे नियामक ढांचे को लचीला बनाना होगा। हम प्रौद्योगिकी व नवाचार का समर्थन करना जारी रखेंगे। हम सतर्क, लचीले और दूरदर्शी बने रहेंगे।'' मल्होत्रा ने इस बात पर जोर दिया कि आरबीआई सभी हितधारकों, सरकारों और वित्तीय क्षेत्र के नियामकों के साथ प्रभावी ढंग से सहयोग करना जारी रखेगा।*

## सुधार के लिए हर संभव प्रयास

गवर्नर ने कहा कि आरबीआई वित्तीय प्रणाली में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इसके लिए इसकी पहुंच का विस्तार करेगा, इसकी दक्षता बढ़ाएगा और उभरते आर्थिक परिदृश्य में इसके लचीलेपन को बढ़ाएगा। गवर्नर ने कहा, ''भले ही हम नई प्रौद्योगिकियों और आधुनिक विनियामक दृष्टिकोणों को अपना रहे हों, लेकिन ईमानदारी, पारदर्शिता व सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी।

## भारत के लोगों को बैंक पर भरोसा

भारत के लोगों का केंद्रीय बैंक पर जो भरोसा है, वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। हम इसे बनाए रखने तथा आने वाले वर्षों में इसे और मजबूत बनाने का दृढ़ संकल्प रखते हैं।'' उन्होंने कहा कि यह संस्था राष्ट्र की है और आरबीआई लोगों, वित्तीय प्रणाली तथा अर्थव्यवस्था के हितों की पूर्ति करने के लिए संकल्प से प्रेरित होकर प्रत्येक निर्णय लेता रहेगा।

## आरबीआई व सरकार के बीच तालमेल जरूरीः राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्रौद्योगिकी की प्रगति से वित्तीय धोखाधड़ी का जोखिम बढ़ रहा है और वृहद आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए केंद्रीय बैंक और सरकार के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत है।

## विश्व मूर्ख दिवस पर मूर्खिस्तान देश के नए प्रधानमंत्री डॉ अरविन्द वर्मा (पत्रकार) तथा राष्ट्रपति सुरेश पोद्दार (समाज सेवी) बने

**खगड़िया।** विश्व मूर्ख दिवस पर मूर्खों की आम राय से मूर्खिस्तान देश के नए निर्वाचित प्रधान मंत्री डॉ अरविन्द वर्मा तथा राष्ट्रपति सुरेश पोद्दार हुए। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति की सहमति से हंसोड़ मंत्री अरुण वर्मा तथा गृह तोड़ मंत्री मधुबाला को बनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में हंसोड़ कलाकारों कवियों, कवयित्रियों, समाज सेवियों, पत्रकारों तथा समाज सेवियों ने अपने अनोखे अंदाज में एक से बढ़ कर एक हस्य प्रस्तुति से दर्शकों को खूब हंसाया। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा वर्तमान युग में घर घर तनाव से मुक्ति का एकमात्र दवाई है हंसो और हंसाओ। वैसे तो 365 दिन में हर दिन लोग एक दूसरे को अपने अपने हितार्थ मूर्ख बनाते रहते हैं। मगर,आज पूरे विश्व में इसलिए विश्व मूर्ख दिवस मनाया जाता है ताकि कम से कम वर्ष में एक दिन तनाव मुक्त रह सकें। अरुणोदय सांस्कृतिक मंच के संस्थापक अरुण वर्मा ने हास्य व्यंग पर आधारित गीत प्रस्तुत कर हंसोड़ आंदोलन को बढ़ावा दिया। स्वागताध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने आने वाले सभी मूर्खों को कागज के प्लेट मीठा और झालदार प्रोडक्ट देकर स्वागत किया। चम्पा राय ने अपनी सुरीली आवाज में स्वागत गीत एवं हास्य व्यंग पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत कर हंसी का फव्वारा चला दिया। मधुबाला ने मूर्खों की एकता कैसे कायम रहे इसके लिए कई प्रकार का व्यंग्यात्मक टॉनिक दिया। बासुदेव विधाता के चुटिले चुटकुले से दर्शा हंसते हंसते लोटपोट हो गए। युवा पत्रकार आनंद राज ने कहा टेंशन भगाने का जो प्रयोग अरुण वर्मा ने किया वो कबीले तारीफ है। इनके हंसोड़




आंदोलन को बढ़ावा मिलनी चाहिए। आयोजक अरुण वर्मा ने हंसोड़ आंदोलन को गांव गांव तक फैलाने के लिए अपनी रूप रेखा से लोगों को अवगत कराया, जिसे हर्ष ध्वनि से पारित किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित गृह रक्षा वाहिनी के हवलदार शैलेन्द्र कुमार, एडवोकेट ओम प्रकाश अग्रवाल, युवा राजद के ज़िला उपाध्यक्ष रितेश ठाकुर, राजेंद्र कुमार तथा आशीष कुमार मिश्रा ने भी व्यंग्यात्मक रूप से अपना अपना परिचय दिया और अजूबा करतब दिखाया। दुनियां के मूर्खों एक हो, दुनियां के मूर्खों एक हो के नारे से परिसर गूंज उठा। और तो और मूर्खिस्तान देश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री डॉ अरविन्द वर्मा एवं राष्ट्रपति सुरेश पोद्दार ने खुद मोटरसाइकिल पर बैठ कर नगर भ्रमण कर लोगों को हंसने हंसाने के लिए जागृत भी किया। कार्यक्रम के बीच बीच में सभी मूर्ख ठहाका मार मर कर हंसते नजर आए। युवा पत्रकार अभिषेक राज एवं ब्रजेश विभु की अदाकारी भी लोगों को भाया।

## 1 अप्रैल को रेड क्रॉस में विश्व मूर्ख दिवस पर लगेगा हंसोड़ कलाकारों का जमावड़ा

**खगड़िया।** अरुणोदय सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में स्थानीय रेड क्रॉस सभागार में आगामी 01 अप्रैल को विश्व मूर्ख दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। आहूत बैठक की अध्यक्षता फरकिया स्टेट महामूर्ख सम्मेलन के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार अरुण वर्मा ने की। वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा हर वर्ष पूरे विश्व में 01 अप्रैल को हर देश में अप्रैल फूल्स डे मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1381 ई० में हुई थी। उस दौर में राजा रिचार्ड जीती और बोहेमिया की रानी एनी ने एक अजीब घोषणा करवाई। उन्होंने कहा कि वो दोनों 32 मार्च को सगाई करेंगे। तब लोग पहले तो खुश हुए लेकिन बाद में समझ गए कि 32 तारीख तो आती ही नहीं है, यानि उन्हें मूर्ख बनाया जा रहा है। आगे डॉ वर्मा ने कहा अप्रैल फूल्स डे यानि विश्व मूर्ख दिवस को हंसने और हंसाने का दिन है। अलग अलग देशों में अलग अलग तरीके से मनाया जाता है। इस दिन




लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मजाक करते हैं या मूर्ख बनते हैं। एक से एक तरीके का प्रयोग किया जाता है। डॉ वर्मा ने फरकिया वासियों से अपील किया कि आगामी 01 अप्रैल को रेड क्रॉस सभागार पहुंच कर दुनिया के मूर्खों एक हो के बारे को बुलंद करें और इतिहास में अपना अपना नाम दर्ज कराएं। इसमें साहित्यकार, पत्रकार, कवि, अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, वकीलों, कवयित्रियों, समाज सेवियों और राजनीतिक दलों के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। जो व्यक्ति अपनी प्रस्तुति, भाव भंगिमा, एक्टिंग, आदि से लोगों को सबसे ज्यादा हंसाएंगे उन्हें राष्ट्रीय मूर्ख पदक से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में ली गई निर्णयानुसार सुरेश पोद्दार कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष होंगे। उपस्थित लोगों में प्रमुख थे उमेश ठाकुर, मधुबाला, गुड्डू ठाकुर, राज प्रिय रंजन तथा रामाशीष झा आदि।

# रंग निखारने से स्किन को जवां रखने तक, मलाई है इतनी फायदेमंद



अधिकतर लोग जानते हैं कि मलाई सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है। कुछ लोगों को इसका स्वाद बेहद पसंद आता है, तो वहीं कुछ लोग इसमें मौजूद ज्यादा फैट की वजह से इसके सेवन से बचते हैं। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी सेहत के लिए फायदेमंद मलाई स्किन को खूबसूरत बनाने में भी बेहद लाभकारी होती है।

➤➤ दूध में मौजूद परत जिसे मलाई कहते हैं, वे स्किन के लिए बेस्ट मॉइस्चराइजर के तौर पर काम करती है। कुछ मिनटों तक चेहरे पर मलाई से मसाज करने से स्किन के डैमेज टीश्यूज रिपेयर हो जाते हैं, जिससे स्किन हेल्दी बनती है।

➤➤ मलाई सिर्फ स्किन को मॉइस्चराइज ही नहीं करती है, बल्कि इससे चेहरे पर ग्लो भी आता है। इसके लिए मलाई में थोड़ा सा शहद मिक्स कर के चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी स्किन पर चमक आएगी।

➤➤ आपको जानकर हैरानी होगी कि मलाई त्वचा की रंगत को भी निखारती है। मलाई में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन पर मौजूद टेनिंग को दूर कर के स्किन को नेचुरल तरीके से निखारती है।

➤➤ कुछ लोगों के चेहरे पर अधिक काले धब्बे होते हैं, जिनपर कई महंगी क्रीम भी असर नहीं करती हैं। लेकिन अब आप अपने धब्बों से राहत पा सकते हैं। इसके लिए धब्बों पर मलाई लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। जल्दी असर चाहती हैं तो मलाई में थोड़ा सा नींबू का रस मिला कर लगाएं। मलाई के सूखने पर ताजे पानी से मुंह धो लें। जल्दी फर्क नजर आने लगेगा।

➤➤ रोजाना चेहरे पर मलाई लगाने से चेहरा लंबे समय तक जवां रहता है। मलाई में मौजूद प्रोटीन और विटामिन स्किन में कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जिससे स्किन जवां बनी रहती है।

# क्यों फायदेमंद है आपके लिए हरी मिर्च और क्या हैं इसके लाभ

ज्यादा तीखा या मसालेदार खाना खाने से आपको सीने और पेट में जलन के साथ ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। यदि आप हरी मिर्च का सेवन करते हैं, तो तीखे स्वाद का लुत्फ उठा सकते हैं। हरी मिर्च में कई पोषक तत्व जैसे- विटामिन ए, बी6, सी, आयरन, कॉपर, पोटेशियम, प्रोटीन और कार्बोहाईड्रेट मौजूद होते हैं। यही नहीं इसमें बीटा कैरोटीन और क्रीप्टोक्सान्थिन आदि स्वास्थ्यवर्धक चीजें भी मौजूद हैं। जानते हैं हरी मिर्च खाने से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं...

**➤➤हरी मिर्च के फायदे**

तीखी हरी मिर्च का सेवन सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए फायदेमंद होता है। ये त्वचा से लेकर शरीर के रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत करती हैं। रोजाना हरी मिर्च का सेवन करने से सेहत दुरुस्त रहती है। हरी मिर्च में कैप्सियासिन नामक यौगिक मौजूद होता है, जो इसे मसालेदार बनाता है। मिर्च खाने से खून साफ होता है और नसों में खून का फ्लो तेजी से होता है, जिससे चेहरे पर पिंपल्स की समस्या नहीं होती। मिर्च में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी और विटामिन ई पाया जाता है।

**➤➤एंटी एंटीऑक्सीडेंट से है भरपूर**

लाल मिर्च केवल हमारी जीभ को ही संतुष्ट नहीं करती है बल्कि हमें कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी देती है। आप अपने आहार में चाहे हरी मिर्च का सेवन करें या लाल मिर्च का सेवन करें, दोनों में ही भरपूर मात्रा में एंटी एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो भरपूर खाद्य पदार्थ ऑक्सीकरण की प्रक्रिया को समाप्त करने में मदद करते हैं जिससे कोशिकाएं स्वस्थ होती हैं।

**➤➤ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है**

जिस व्यक्ति का ब्लड सकुर्लेशन जितना अच्छा होगा उसका इम्यूनिटी लेवल उतना ही मजबूत होता है। हमारे पूरे शरीर में न्यूट्रिएंट्स, इलेक्ट्रोलाइट्स, हार्मोन्स, हीट और ऑक्सीजन पहुंचाने का काम रक्त ही करता है। चाहे लाल हो या हरी मिर्च उसमें इतनी क्षमता होती है कि उसके सेवन से हमारा ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है और हम स्वस्थ रहते हैं।

**➤➤इम्युनिटी मजबूत होती है**

मिर्च में मौजूद विटामिन सी, फ्लेवेनॉइड्स, पोटेशियम और मैंगनीज लाभदायक है। जिस व्यक्ति का इम्यून सिस्टम जितना मजबूत होगा वह उतना ही स्वस्थ रहता है। इम्यूनिटी सिस्टम यानि रोग-प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने का काम भी ब्लड ही करता है। एक सीमित मात्रा में लाल या हरी मिर्च का सेवन करने से इम्यून सिस्टम काफी मजबूत होता है।

**➤➤कैंसर का खतरा कम करती है**

हरी मिर्च खाने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। मर्दों को हरी मिर्च खानी चाहिए क्योंकि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर का खतरा रहता है। वैज्ञानिक शोधों ने यह साबित किया है कि हरी मिर्च खाने से प्रोस्टेट की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाती है।

**➤➤त्वचा**

हरी मिर्च या फिर शिमला मिर्च में आकपो काफी ज्यादा विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट मिल जाएगा। एंटीऑक्सीडेंट हमारी त्वचा और सेहत के लिये बहुत अच्छा माना जाता है। मिर्च खाने से चेहरे पर जल्दी झुर्रियां नहीं पड़ेंगी। हरी मिर्च में बहुत सारा विटामिन ई होता है जो कि त्वचा के लिये फायदेमंद



प्राकृतिक तेल का प्रोडक्शन करता है। तो अगर आप तीखा खाना खाती हैं तो आपकी त्वचा अपने आप ही अच्छी हो जाएगी।

**➤➤बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव**

हरी मिर्च में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कि संक्रमण को दूर रखते हैं। हरी मिर्च को खाने से आपको स्किन रोग नहीं होगा।महिलाओं में अक्सर आयरन की कमी हो जाती है लेकिन अगर आप हरी मिर्च खाने के साथ रोज खाएंगी तो आपकी यह कमी भी पूरी हो जाएगी।

**➤➤आंखों की रोशनी**

हरी मिर्च में कई तरह के पोषक तत्व तो मौजूद होते ही हैं। साथ ही हरी मिर्च खाने से आंखों की रोशनी भी तेज होती है। हमेशा कोशिश करें कि खाने में लाल मिर्च को शामिल करने के बजाए हरी मिर्च का इस्तेमाल करें।

**➤➤दर्द कम करे, दमे, साइनस में मददगार**

हरी ताजी मिर्च का एक चम्मच रस शहद में मिलाकर खाली पेट खाने से दमे के रोगी को राहत मिलती है। इस का प्रयोग दस दिनों तक करने से लाभ होगा। वहीं, हरी मिर्च खाने से गर्मी निकलती है, दो प्रभावी दर्दनिवारक का काम करती है। इसमें कैप्सेइसिन मौजूद होता है, जो नाक में रक्त प्रवाह को आसान बनाता है। इससे सर्दी और सायनस की समस्या में राहत मिलती है।

**➤➤वजन घटाता है**

हरी मिर्च में कैलोरीज कम होती है। यह शरीर में अतिरिक्त फैट को बर्न करने में सहायता करती है और वजन पर नियंत्रण रखने में भी सहायक होती है। मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलेस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चें काफी सहायक होती हैं। हरी मिर्च में मौजूद विटामिन के ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।

# चेहरे के लिए आर्गन ऑयल से बढ़िया कुछ नहीं



इसमें कोई शक नहीं है कि आपके बालों के लिए आर्गन ऑयल जादू की तरह काम करता है। लेकिन इसके फायदे केवल बालों तक सीमित नहीं है। अगर आप अपनी त्वचा की ठीक तरीके से देखभाल करना चाहते हैं तो आर्गन ऑयल से बेहतर कोई और विकल्प नहीं है।

आर्गन ऑयल आपकी त्वचा को मॉइश्चराइज करता है। इस तेल में विटामिन ई, एंटीऑक्सिडेंट और ओमेगा फैटी एसिड्स मौजूद होते हैं। एक एक्सपर्ट के मुताबिक, आर्गन ऑयल आपकी तव्चा के लिए सबसे बेहतर सुपरफूड है। अगर आपको अपनी त्वचा बहुत ऑयली लगती है और किसी ग्रीस की दुकान की तरह नजर आने लगती है तो आपको बता दें कि यह तेल बहुत ही लाइट होता है। त्वचा इसे जल्द ही सोख लेती है।

आर्गन तेल अल्ट्रा-हाइड्रेटिंग और प्राकृतिक है। यह आपकी एक्स्ट्रा ड्राई और डैमेज स्किन को आसानी से ठीक करता है और बहुत जल्दी अवशोषित हो जाता है। इससे आपकी त्वचा में जलन भी नहीं होती है और साथ ही इसमें एक्जिमा, सोरायसिस, सूजन, और रोजेसिया जैसे त्वचा रोगों को नियंत्रित करने की शक्ति होती है। त्वचा को ऑयली बनाने के बजाए यह त्वचा से प्राकृतिक रूप से निकले तेल की मात्रा को भी नियंत्रित करता है।

आपकी आंखों के नीचे झुर्रिया पड़ी होती है। यह बहुत ही संवेदनशील हिस्सा होता है। यहां कुछ भी लगाने से जलन होने लगती है लेकिन आर्गन ऑयल के इस्तेमाल के साथ ऐसा नहीं है। यह पूरी तरह से प्राकृतिक है और आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाता है। यह आपको जल्द उम्रदराज लगने से बचाता है।

आपकी त्वचा के लिए आर्गन ऑयल कितना फायदेमंद है, यह तो हम बता ही चुके हैं लेकिन यह लिप्स के लिए भी उतना ही असरदार है। सर्दियों में लिप्स पर आर्गन ऑयल लगाने से लिप बाम का काम अपने आप हो जाएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# दिव्या खोसला के साथ हुआ बड़ा हादसा



बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और डायरेक्ट दिव्या खोसला को आज हर कोई जानता है। एक्ट्रेस किसी न किसी वजह से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। लेकिन दिव्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की तैयारियों में बिजी हैं। इन सबके बीच एक्ट्रेस हाल ही में शूटिंग के सेट पर घायल हो गईं, जिसकी झलकियां उन्होंने फैंस के साथ शेयर की हैं। दरअसल, दिव्या खोसला ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर घायल होने की तस्वीरें की हैं। जिसमें उनके पैर में चोटें आई हैं। एक्ट्रेस ने एक तस्वीर में उन्हें अपने पैर की घायल उंगली की झलक दिखाई। वहीं दूसरी फोटो में उनके पैर की टखनी पर पट्टी बंधी हुई है। इन फोटोज को शेयर करते हुए दिव्या ने कैप्शन दिया कि, शूट के दौरान लगी चोटें। आपको बता दें, पिछले साल दिव्या एक्शन थ्रिलर फिल्म सावी में दिखाई दी थीं। इस फिल्म में पहली बार एक्ट्रेस ने एक्शन सीन किया था। फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर न चली हो, लेकिन उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ हुई थी। साल 2023 में उनकी फिल्म यारियां का सीक्वल भी आया था। वह जल्द ही हीरो हीरोइन में दिखाई देंगी। हालांकि, दिव्या ने बतौर डायरेक्टर और एक्ट्रेस के तौर पर कई फिल्मों में काम किया है। साथ ही उन्होंने बड़े पर्दे एक्शन फिल्म में भी लीड रोल निभाया है। लेकिन अब वह सिल्वर स्क्रीन पर कुछ नया लेकर आ रही हैं।



# ए आर रहमान ने की 'वंडरमेंट' टूर की घोषणा

**संगीत** के उस्ताद ए आर रहमान अपने 'वंडरमेंट' टूर की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पहला कॉन्सर्ट 3 मई को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में होगा। प्रेस नोट के अनुसार, मुंबई प्रीमियर एक विश्वव्यापी टूर का पहला पड़ाव होगा जिसका उद्देश्य दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित करना है। बता दें कि कॉन्सर्ट से एक महीने पहले 3 अप्रैल को डिस्ट्रिक्ट पर इवेंट के टिकट लाइव हो जाएंगे। रहमान ने कहा कि वंडरमेंट के साथ, हमारा उद्देश्य यह बताना था कि हर नोट, हर लय, एक कहानी कहती है। मैं परंपरा को नवाचार के साथ मिलाना चाहता हूं, संगीत के उत्सव में अतीत और भविष्य को एक साथ लाना चाहता हूं। मुंबई की ऊर्जा और भावना बेजोड़ है, और इस अनोखे संगीत अनुभव को शहर के दिल में लाना खुशी की बात है। फरवरी में रहमान ने चेन्नई में ग्लोबल सिंगर एड शेरन के साथ मैथमेटिक्स टूर कॉन्सर्ट में मंच पर शामिल होकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। वह धनुष और कृति सनोन अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए भी संगीत तैयार करने वाले हैं, जो ब्लॉकबस्टर फिल्म रांझणा का आध्यात्मिक सीक्वल है। इसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। इस बीच, रहमान हाल ही में अपने स्वास्थ्य के कारण सुर्खियों में रहे। मार्च में उन्हें डिहाइड्रेशन के लक्षणों से पीड़ित होने के बाद अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था और जल्द ही उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।



# तापसी ने अपनी सिंपल वेडिंग को बयाना खास

एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने बॉलीवुड की बड़ी शादियों से हट के अपनी वेडिंग को सिंपल बनाया था। तापसी ने पिछले साल मार्च में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मैथियास बोई से उदयपुर में शादी की और अपनी शादी को पूरी तरह से सीक्रेट रखा। तापसी की शादी की न कोई तस्वीरें लीक हुईं, न कोई बड़ी घोषणाएं, बल्कि तापसी ने बस अपने खास दोस्तों और परिवार के साथ एक साधारण सी खुशी का पल एंजॉय किया। अब, जब ये जोड़ी अपनी पहली सालगिरह मनाने के लिए तैयार हो रही है, तो शादी से जुड़ी एक प्यारी सी बात सामने आई है, जो तापसी के मूल्यों के बारे में बहुत कुछ कहती है। तापसी और मैथियास ने अपनी शादी में आम तोहफों की जगह अपने मेहमानों से एक खास अनुरोध किया था। उन्होंने उनसे प्रोजेक्ट नन्ही कली के लिए अपना सहयोग देने को कहा, जो एक पहल है जिसमें तापसी पिछले पांच सालों से जुड़ी हुई हैं। शीता मेहता, ट्रस्टी और कार्यकारी निदेशक, के.सी. महिंद्रा एजुकेशन ट्रस्ट ने तापसी के लंबे समय से चल रहे समर्थन और शादी में कपल के कदम को सराहा। उन्होंने कहा कि तापसी और मैथियस का प्रोजेक्ट नन्ही कली के साथ लड़कियों की शिक्षा के प्रति समर्पण लगातार और सार्थक कार्रवाई की ताकत को दशार्ता है। 2020 से, उनके 100 युवा लड़कियों के लिए समर्थन ने बदलाव की लहरें उत्पन्न की हैं, जो सिर्फ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच नहीं, बल्कि बड़े सपने देखने की स्वतंत्रता भी है।